# भक्तों को करे मालामाल बालाजी | By Prakash Chauhan

ये हैं नसीबो के मारो का प्यारा
सुनता है दिल की पुकार
भक्तों को करे मालामाल
बालाजी मेरा करता है ये बेडा पार

भटके हो क्यूँ आओ बाबा बुलाये
आते हैं जो भी वहीं मुस्कुराये
ऐसा चमत्कार करते हैं बाबा
जो भी मन में मुरादें वो पाए
ऐसा अजब यहीं देखा नज़ारा
जब आये मंदिर के द्वार
भक्तों को करे मालामाल
बालाजी मेरा करता है ये बेडा पार

जीवन सफर में कोई गर है साथी
अंधियारे पथ में बने तेरी बाती
वरना तो झूठे हैं तेरे हमराही
संगी क्या साथी क्या तेरे ये नाती
माया का जंजाल तुझको है जकड़े
पाना है मुश्किल पार
भक्तों को करे मालामाल
बालाजी मेरा करता है ये बेडा पार

मेहंदीपुर वाले की महिमा ना जाना
दर दर भटक रहा बन के दीवाना
झोली में तेरी सब खुशियां मिलेंगी
उसकी दया में है प्रेम खज़ाना
भक्ति भजन और सिमरन किये जा
बालाजी देंगे अपार
भक्तों को करे मालामाल
बालाजी मेरा करता है ये बेडा पार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2/